www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-344 सागवाड़ा, शनिवार, 3 सितम्बर, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# कडाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि का फर्जी आदेश से नामांतरण और रजिस्ट्री करने मामला

## आई जी के निर्देश पर उदयपुर एएसपी की निगरानी में होगी जांच



**सागवाडा।** नगर पालिका क्षेत्र में कडाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि नामांतरण और रजिस्ट्री करने के प्रकरण में अब जाँच ने तेज़ी पकड़ ली है। कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से कडाणा की इस बेशक़ीमती भूमि के नामांतरण खोले जाने और रजिस्ट्री किये जाने के मामले में पुलिस द्वारा की जा रही जाँच उदयपुर रेंज आई जी के निर्देश पर अब उदयपर शहर के एडिशनल एसपी चंद्र शील ठाकुर के निगरानी में आगे बढ़ेगी। कूट रचित दस्तावेजों से सरकारी भूमि हड़पने के मामले में कलेक्टर के निर्देश पर सागवाडा तहसीलदार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अब तक इसकी जाँच कर रही थी। शनिवार को उदयपर शहर के एडिशनल एसपी चंद्र शील ठाकुर सागवाडा थाने पहुँचे और पूरे मामले की जानकारी थाना थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान से ली। बताया जा रहा है कि जाँच से जुड़े नए पुलिस अधिकारी चंद्र शील ठाकुर सख्त हैं और इन्होंने पूर्व में भी ऐसे कई मामलों में अपनी अहम भूमिका निभाई है। पुलिस अधिकारी चंद्र शील ठाकुर इससे पूर्व एसीबी में भी रहे हैं और कई गंभीर मामलों में उन्होने सख्त कार्रवाईयां अमल में लायी है। ASP चंद्र शील ठाकुर ने बताया कि आईजी उदयपुर ने कडाणा के इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है और इसी के चलते उन्हें इस मामले में सुपरविज़न अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि सागवाडा पुलिस की ओर से अब तक की जो जाँच की गई है इस संबंध में पूरी जानकारी ली गई है और आगे की जाँच को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग के एक फ़र्ज़ी आदेश के चलते कडाणा विभाग की इस भूमि का न सिर्फ़ नामांतरण खोला गया बल्कि ठीक दूसरे दिन इसकी रजिस्ट्री भी कर दी गई। जब आदेश के फ़र्ज़ी होने की जानकारी मिली तो कलेक्टर के निर्देश पर सागवाडा तहसीलदार की ओर से नामांतरण निरस्त करने की कार्रवाई करते हुए कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से सरकारी भूमि हड़पने का मामला भी सागवाडा थाने में दर्ज कराया गया। इधर कलेक्टर ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सागवाडा तहसीलदार मयूर शर्मा, गिरदावर मुकेश भोई और गोवाडी पटवारी राकेश मकवाना को निलंबित कर दिया था।



# विज्ञान संगोष्ठी में 75 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

## प्रथम रहे प्रतिभागी 6 सितंबर को संकुल स्तर पर लेंगे भाग



**सागवाड़ा।** विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यानिकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय गामड़ा ब्राह्मनिया पर किया। शुभारंभ विद्यालय करण सिंह चौहान ,अनोप सिंह चौहान, निर्णायक अध्यापक निलेश यादव, प्रतीक उपाध्याय, समिति के कोषाध्यक्ष हरीश जोशी, जितेन्द्र पाटीदार ने किया। विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ से पहले छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया। साथ ही अतिथियों ने ईश वंदना करते हुए दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाचार्य रुपेश दवे द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

विद्यानिकेतन गामड़ा ब्राह्मनिया के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को विज्ञान के विषय के बारे में समझाते हुए उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं का महत्व समझाया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके संभाषण के विषय में जानकारी दी। विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यानिकेतन के 75 से अधिक बच्चो ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने सतत विकास के लिए बुनियादी विज्ञान की चुनातियाँ एवं संभावनाएं पर विचार व्यक्त करते हुए अपने अपने मॉडलो के बारे में अतिथियों जानकारी दी।

विज्ञान प्रभारी केतना सुथार ने बताया कि इस अवसर पर शिशु एवं बाल वर्ग में प्रादर्शो का निर्माण किया गया। जिसमें शिशु वर्ग में प्रथम जल का संरक्षण शुद्धिकरण मे हेतांश उपाध्याय, ऊर्जा के संरक्षण मे दीप जोशी, खाद्य श्रृंखला पर आधारित हिरल दर्जी, नवाचारित मे जानशीन पठान एवं बाल वर्ग मे प्रथम प्रकाश एवं उसके अनुप्रयोग तनिष्क उपाध्याय, तंतु एवं वस्त्र उत्पादन निधि कुम्हार, वायु एवं जल प्रदुषण मे अक्षरा चौहान, संवेदको पर आधारित विनीत पंड्या, नवाचारित मे धैर्य पंड्या रहे। वही द्वितीय स्थान अलीना पठान, मीनाक्षी मकवाणा शिशु वर्ग एवं मन्नत उपाध्याय, ईशानी उपाध्याय, ईशिता उपाध्याय बाल वर्ग मे रहे। प्रादर्शो का अवलोकन अभिभावकों द्वारा किया गया। प्रादर्शो को बनाने मे भैया बहिनो ने बहुत मेहनत की।

विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में विद्यालय से प्रथम रहे छात्र छात्राएं 6 सितंबर को संकुल स्तर पर विद्यानिकेतन गामड़ा ब्राह्मनिया में आयोजित होंगे जिसमे पुनर्वास कॉलोनी, ठाकरडा व गामड़ा ब्राह्मनिया के छात्र छात्राएं प्रतिभागी बनेंगे। इस अवसर पर ममता चौहान, मोहिता जोशी, धर्मिष्ठा सिसोदिया, प्रवीणा जोशी, प्रेरणा जोशी, निकिता जोशी, मनोज बामनिया, शंकर लाल मीणा सहित कई अभिभावक मौजुद रहे। अतिथि परिचय व स्वागत भारत शर्मा ने व आभार पुरणनाथ रावल ने जताया।

### एनएसयूआई को हराने वाले चौधरी के स्वगत समारोह में पायलट समर्थक विधायक भाकर ने इशारों में सीएम अशोक गहलोत खेमे को निशाने पर लिया

**जयपुर ।** छात्रसंघ चुनावों में एनएसयूआई की हार के बाद कांग्रेस में नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई को हराने वाले निर्मल चौधरी के स्वगत समारोह में सचिन पायलट समर्थक विधायक मुकेश भाकर (लाडनूं) ने इशारों में सीएम अशोक गहलोत खेमे को निशाने पर लिया। मुकेश भाकर ने लाडनूं (नागौर) में अपने फार्म हाउस पर निर्मल चौधरी के स्वागत समारोह में कहा कि किसान का बेटा होने के कारण निर्मल चौधरी का टिकट काट लिया। किसी की दया पर राजनीति नहीं करते, जितना पैरों में दम है, उतनी राजनीति करते हैं। भाकर ने कहा कि निर्मल चौधरी ने शुरू से कांग्रेस के लिए काम किया। जब खुद के चुनाव लड़ने की बारी आई तो भाकर का ठप्पा लगा होने की बात को लेकर टिकट काट ली। बता दूं- किसी की दया पर राजनीति नहीं करते। आप सर्वे करवाते किसके पक्ष में हवा है ।

# करियाणा स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह मनाया



**सागवाड़ा।** राउमा विद्यालय करियाणा में शिक्षक दिवस समारोह मनाया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र पंचाल, मुख्य अतिथि बालकृष्ण पाठक और विशिष्ठ अतिथि शांतिलाल गामोट ने की । इस मौके पर ग्रामीणों और छात्रों ने मिलकर सभी शिक्षकों को सम्मानित व स्वागत अभिनंदन किया। बालकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षक दिवस पर छात्रों को संबोधित करते हुए अनिल व्यास, आशा पंचाल और बालकृष्ण पाठक ने भी विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर ग्रामीणों में दीपक गामोट, रोहित, प्रेमजी पाटीदार, रूपलाल बुनकर, गौतम पाटीदार, शिवराम पाटीदार, भानजी भाई, मनोज पाटीदार आदि मौजूद रहे। साथ ही इस मौके पर नवीन मुख्य द्वार बनाने के लिए कार्य का शुभारंभ किया गया। विद्यालय स्टाफ के शिक्षक अनिल व्यास, जगदीश बुनकर, नवीन बैरवा, हितेंशु पुरोहित, आशा पंचाल, धुलजी पाटीदार, सचिन व्यास, दीपिका जैन, प्रवीण पुरोहित, पुष्पा मीणा आदि की उपस्थिति रही । संचालन छात्रा प्रियांशी पंचाल ने किया।

### 8 को खाटूश्याम आएंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**सीकर।** शेखावाटी के मूल निवासी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार सीकर जिले में आएंगे। धनखड़ आठ सितम्बर को खाटूश्यामजी के दर्शन करेंगे। खाटू में वे करीब 50 मिनट तक रुकेंगे। इसके बाद हेलिकॉप्टर से जयपुर के लिए रवाना होंगे। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि उप राष्ट्रपति दोपहर 1.15 बजे सालासर से हेलिकॉप्टर से रवाना होकर दोपहर 2 बजे खाटूश्यामजी में हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां वे अधिकारियों से परिचय लेंगे। इसके बाद उप राष्ट्रपति धनखड़ दोपहर 2:05 बजे खाटूश्यामजी में हेलीपैड से सड़क मार्ग द्वारा 2:10 बजे खाटूश्यामजी मंदिर पहुंचेंगे।

# घर से 500 मीटर दूर एनिकट में मिला युवक का शव, 8 साल के बेटे से उठा पिता का साया

**डूंगरपुर।** सदर थाना क्षेत्र के बारों का शेर गांव में एक युवक का शव एनिकट में मिलने के बाद सनसनी फेल गई। पत्नी पहने ही छोड़कर चली गई है।जबकि 8 साल के बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया है।

सदर थाना हेड कांस्टेबल संतोष कुमार ने बताया की खेमा गड़हा निवासी बारों का शेर देवल खास ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया उसका बेटा धनराज गडहा (30) गुरुवार को नहाने गया था। लेकिन वह वापस नही लौटा। इसके बाद से उसकी तलाश कर रहे थे।

कल शुक्रवार को घर से 500 मीटर दूर एक एनिकट के बाहर धनराज के कपड़े पड़े हुए मिले। परिवार के लोगो ने एनिकट में तलाश की तो उसमें डूबा हुआ धनराज का शव मिल गया। लोगो ने मिलकर शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर डूबने से मौत की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में होगा हल्ला-बोल, डूंगरपुर जिले से भी कांग्रेसी कार्यकर्ता रवाना हुए

**डूंगरपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में होने वाले हल्ला-बोल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए डूंगरपुर जिले से भी कांग्रेसी कार्यकर्ता रवाना हुए। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोगरा ने कार्यकर्ताओं की बस को रवाना किया। डूंगरपुर जिलेभर से 500 कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हुए है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कल दिल्ली के रामलीला मैदान में देश मे बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कायक्रम आयोजित किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर डूंगरपुर जिले से भी कांग्रेसी कार्यकर्ता हल्ला बोल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुए। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व डूंगरपुर से कांग्रेस विधायक गणेश घोगरा ने कार्यकर्ताओं को बसों से दिल्ली के लिए रवाना किया।

इस मौके पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व डूंगरपुर से कांग्रेस विधायक गणेश घोगरा ने बताया कि पूरे प्रदेश से यूथ कांग्रेस के 5 हजार कार्यकर्ता दिल्ली जा रहे है । वही डूंगरपुर जिले से 500 कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली के लिए निकले है। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व डूंगरपुर से कांग्रेस विधायक गणेश घोगरा ने केंद्र सरकार पर महंगाई को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से भाजपा ने अच्छे दिन के सपने दिखाए थे। महंगाई कम करने की बात कही थी लेकिन सत्ता में आने के बाद भी आज तक लोगो के अच्छे दिन नही आये है। महंगाई चरम तक पहुंच गई आम आदमी की कमर टूट चुकी है। लेकिन केंद्र सरकार महंगाई पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी आमजनता के साथ खड़ी है ओर उनके हितों के लिए हमेशा आवाज उठाती रहेगी।

# 101 व 51 मीटर का लंबा ध्वज के साथ नीलकंठ महादेव 51 यात्रियों का जत्था शक्ति पीठ अंबाजी के लिए पैदल निकला



**डूंगरपुर ।** 101 मीटर व 51 मीटर का लंबा ध्वज के साथ शहर के भोईवाड़ा मोहल्ले के नीलकंठ महादेव 51 यात्रियों का जत्था गुजरात के प्रसिद्ध शक्ति पीठ अंबाजी के लिए शनिवार सुबह से पैदल निकला। इससे पूर्व भोईवाड़ा मोहल्ले में नीलकंठ महादेव मंदिर पर माता की महा आरती हुई। जिसके डीजे पर भक्ति मय गीतो पर भक्त झूमते हुए निकले। शोभायात्रा भोईवाड़ा मोहल्ले से होते हुए मोची बाजार,फरसवाड़ा, पुराना अस्पताल, गेपसार पाल होते हुए तहसीला चोराह पहुंचा। जहा से गुजरात के प्रसिद्ध शक्ति पीठ अंबाजी के लिए 51 लोगो का जत्था रवाना हुआ। शोभायात्रा में भोई समाज तथा अन्य हिंदू समाज के के महिला,पुरुष, बड़े बुजुर्ग तथा बच्चो ने समल्लित हुए। शोभायता का शहर के प्रमुख मार्गो पर हिंदू समाज के लोगो पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# बीए फाइनल ईयर की स्टूडेंट ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या, मवेशी चराने गई थी

**डूंगरपुर।** दोवड़ा थाना क्षेत्र के रत्नावाडा गांव में एक बीए फाइनल ईयर की स्टूडेंट ने पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर दी। छात्रा मवेशी चराने गई थी और जब वापस नहीं लौटी तो परिवार के लोगो ने उसकी तलाश की। छात्रा के आत्महत्या के कारणों का पता नही लग सका है। दोवड़ा थाना हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार ने बताया की अनिल परमार निवासी रत्नावाडा पुनाली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है उसकी बहन दीपिका (19) पुत्री लक्ष्मण परमार बीए फाइनल ईयर में पढ़ती है। कल शुक्रवार को वह मवेशी चराने गई थी। देर शाम तक वह वापस घर नहीं लौटी तो परिवार के लोगो ने उसकी खोजबीन की। इस दौरान घर से करीब आधा किमी दूर एक पेड़ से दीपिका का शव दुपट्टे से लटका मिला। इससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद गांव में सनसनी फेल गई और गांव के लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर दोवड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से नीचे उतारा और डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। आज शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल दीपिका के आत्महत्या के कारणों का पता नही लग सका है। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

### राजस्थान के 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**जयपुर।** पड़ोसी देश पाकिस्तान-अफगानिस्तान में टेम्परेचर बढ़ने से लो प्रेशर एरिया बन गया है। इस कारण मानसून एक बार फिर से तेजी से एक्टिव हो रहा है। यानी राजस्थान में बारिश का दौर दोबारा शुरू होने वाला है। प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी जिलों में तो बारिश शुरू भी हो चुकी है। वहीं, शनिवार को 20 जिलों में अच्छी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, झुंझुनूं, सीकर, टोंक, बूंदी, भीलवाड़ा, उदयपुर, सिरोही के माउंट आबू, झालावाड़, बारां, राजसमंद, कोटा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ जिलों और आसपास के इलाकों में बिजली की गरज-चमक के साथ हल्की से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसी के साथ 9 सितंबर से 15 सितंबर तक पूरे प्रदेश में भारी बारिश होगी।

# माणकपूरा से आदिवासी युवाओं का जत्था अंबाजी पदयात्रा के लिए हुआ रवाना, पूर्व विधायक अनिता कटारा ने किया स्वागत



**सागवाड़ा।** गुजरात के प्रसिद्ध शक्ति पीठ अंबाजी धाम के लिए नवयुवक मंडल माणकपुरा के तत्वाधान में आदिवासी युवा पदयात्रियों का एक जत्था शनिवार को सुबह रवाना हुआ। नवयुवक मंडल माणकपुरा के पदयात्रियों के रवाना होने से पहले पूर्व विधायक अनिता कटारा ने अपने निवास पर तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिसके बाद मोहल्ले में पदयात्रियों का जुलूस निकाला गया व ग्रामीणों द्वारा इन पदयात्रियों का स्वागत किया गया। जुलूस मुख्य मार्गो से होते हुए गमलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा, जहां पर पदयात्रियों द्वारा गरबा रास व भजन कीर्तन किया गया।

जिसके बाद अंबाजी के लिए कुच कर दिया। इस दौरान चलो बुलावा आया है..माता ने बुलाया है... के जयकारों के साथ ही माता के दरबार के लिए श्रद्धालु के कदम आगे बढ़ रहे थे। जत्थे में आगे श्रद्धालु ध्वज पताका लेकर चल रहे थे । वही आर्केस्ट्रा के बजने की धुन के साथ नाचते गाते श्रद्धालु माँ के दरबार की ओर आगे बढ़ रहे थे । इस अवसर पर हितेश परमार, कपिल परमार, सचिन परमार, पंकज परमार ,मुकेश परमार, अनिल परमार, देवीलाल परमार, संजय परमार, पप्पू परमार, कांतिलाल परमार, आशीष परमार, भगु रोत, भाणा रोत, शंकर रोत, रमेश रोत, प्रतीक भगोरा, परी परमार, ममता परमार, परी परमार, ममता परमार सहित कई पदयात्री मौजूद थे।

# रघुनाथ मंदिर में दर्शन के बाद भीलूड़ा से 70 आदिवासी युवाओं का जत्था अम्बाजी पदयात्रा के लिए रवाना



**भीलूडा।** जय अम्बे पदयात्रा संघ रोतफला भीलूड़ा के तत्वाधान में 70 पदयात्रियों का एक जत्था रघुनाथ मंदिर के दर्शन के बाद शनिवार को सुबह रवाना हुआ। रोतफला स रथ के साथ पदयात्री माँ अम्बे के जयकारे लगाते हुए रघुनाथ मंदिर पहुंचे जहां पर श्री रघुनाथ जी व माँ अम्बे की पूजा अर्चना ओर आरती की गई। वही ग्रामीणों द्वारा पदयात्रियों का रघुनाथ मंदिर परिसर में तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहां से पदयात्री अम्बाजी के लिए रवाना हुए गाँव मे जगह- जगह पदयात्रियों का स्वागत किया गया। इस दौरान माँ के जयकारों के साथ ही माता के दरबार के लिए श्रद्धालु पैदल चल रहे थे। श्रद्धालु माँ अम्बे के रथ को रस्सी से खिंचते हुए चल रहे थे। वही डीजे की धुन के साथ नाचते गाते श्रद्धालु रथ को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व उप प्रधान नरेंद्र पंडया, जिला परिषद् सदस्य हरीश अहारी, ललित जैन, उमेश पंडया, नरेन्द्र भगत, भोगीलाल सुथार, जवाहर भाटिया, एस.एस. पटेल, पवन मेहता, कमलाशंकर जोशी सहित कई पदयात्री उपस्थित रहे ।